उत्तर प्रदेश शासन

कर एवं निबन्धन अनुभाग-7

संख्या-1112/11-क0नि0-7-14-700(433)/14

लखनऊ दिनांक:20नवम्बर, 2014

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग में निम्नवत् समिति का गठन किया जाता है।

1. प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन - अध्यक्ष
2. महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ - सदस्य
3. प्रमुख सचिव, सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग द्वारा नामित अधिकारी - सदस्य
4. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग द्वारा नामित अधिकारी - सदस्य
5. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0एस0आई0डी0सी0 द्वारा नामित अधिकारी - सदस्य
6. चेयरमैन इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि - सदस्य
7. उप सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन - सदस्य सचिव

समिति उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार करके कृत कार्यवाही की सूचना प्रत्येक माह को 25 तारीख तक सूक्ष्य लघु एवं मध्यम विभाग को उपलब्ध करायेगी।

(अनिल कुमार)

प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपरोक्त</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त समिति हेतु किसी अधिकारी को नामित करने का कष्ट करें।
2. प्रमुख सचिव, सूक्ष्म लघु मध्यम एवं उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त समिति हेतु किसी अधिकारी को नामित करने का कष्ट करें।

http://shasanadesh.up.nic.in

3. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0एस0आई0डी0सी0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त समिति हेतु किसी अधिकारी को नामित करने का कष्ट करें।
4. अध्यक्ष, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन आई.आई.ए. भवन, विभूति खण्ड-फेस-2 गोमती नगर लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त समिति हेतु किसी अधिकारी को नामित करने का कष्ट करें।
5. महानिरीक्षक, निबन्धन उत्तर प्रदेश लखनऊ को उद्यमी सम्मेलन में इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन द्वारा प्रस्तुत उद्यमियों की समस्याओं की बुकलेट की छॉयाप्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रकरण में आख्या शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन को प्रमुख सचिव महोदय के अवगतार्थ।
7. उप सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन।
8. गार्ड फाइल।

(सुधीन्द्र कुमार)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in